MMRC को मेट्रो-11 की जिम्मेदारी

नगर विकास मंत्रालय ने दी मंजूरी, 14 परियोजनाएं हैं शामिल

■ मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क. कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज मेट्रो-3 का निर्माण कर रही कंपनी एमएमआरसी अब वडाला से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस तक 12.774 किमी की मेट्रो लाइन तैयार करेगी. नगरविकास विभाग ने मेट्रो-11 परियोजना को एमएमआरडीए से लेकर एमएमआरसीएल को देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. मेट्रो 11 के तहत 8.774 किमी अंडर ग्राउंड लाइन बिछाई जानी है. जबकि 4 किमी लाइन फ्लाईओवर से गुजरेगी. मुंबई एवं मुंबई महानगर क्षेत्र में एमएमआरडीए की तरफ से लगभग 3367 किमी लंबी मेट्रो लाइन की जाल बिछाई जा रही है. इसमें कुल 14 मेट्रो रेल परियोजनाएं शामिल हैं. इन्ही परियोजनाओं में दक्षिण मुंबई के वडाला से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस तक की मेट्रो-11 भी शामिल है. एमएमआरडीए ने इस परियोजना के लिए सलाहकार नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू की थी.

8.774 किमी अंडर ग्राउंड होगी मेट्रो **04** किमी बनेगा फ्लाईओवर

वडाला से सीएसटी 12.774 किमी मेट्रो लाइन का निर्माण

1 इस बीच, सरकार ने इस परियोजना को एमएमआरसी को देने का निर्णय लिया है.

2 कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज मेट्रो-3 के निर्माण के लिए अलग एमएमआरसी कंपनी बनायी गयी थी. इस कंपनी ने मेट्रो-11 के निर्माण की इच्छा जतायी थी, जिसे सरकार ने मान्य कर लिया है.

3 नगर विकास की तरफ से लिए गए निर्णय के तहत मेट्रो-11 परियोजना एमएमआरसी के माध्यम से पूरी की जाएगी.

कम होगा यात्रियों का बोझ

■ 33.5 किमी लंबी अंडर ग्राउंड मेट्रो -3 के निर्माण कार्य के अनुभव को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है.

■ नगर विकास विभाग की तरफ से कहा गया है कि एमएमआरडीए 31 जनवरी तक मेट्रो 11 परियोजना एमएमआरसी को हस्तानांतरित करे व सभी कागजात सुपुर्द करे.

■ वडाला से सीएसएमटी तक मेट्रो का काम पूरा होने से मध्य रेलवे के हार्बर लोकल लाइन पर यात्रियों का बोझ कम होगा. साथ ही लोगों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी.

मेट्रो लाइन 4 का एक्सटेंशन है मेट्रो 11

गौरतलब है कि एमएमआरडीए ने डीपीआर में 8,739 करोड़ रुपये की लागत से 12.70 किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन 11 (वडाला से सीएसएमटी) के निर्माण का प्रस्ताव रखा था. समझौते के तहत जेआईसीए (जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी) को परियोजना लागत के 2,022 करोड़ रुपये देने थे. एमएमआरडीए के अनुसार, राज्य सरकार ने 2019 में लाइन 11 को मंजूरी दी थी और इस लाइन के पूरा होने की समय सीमा अक्टूबर 2026 रखी गई है. मेट्रो लाइन 11 मेट्रो लाइन 4 (वडाला-घाटकोपर -कासारवडवली) का विस्तार है. मेट्रो लाइन 4 पर काम अक्टूबर 2018 में शुरू हुआ. 32 स्टेशनों के साथ 32.32 किमी.लंबी पूरी तरह से एलिवेटेड मेट्रो लाइन 4 कॉरिडोर पूरा होने के समय से काफी पीछे है.